## शहर में आज

1. श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की पीसी, पहाड़ी मंदिर में दोपहर 1 बजे
2. इंटरनेशनल ट्रेड फेयर मोरहाबादी मैदान में दिन के 11 बजे
3. पुलिस पब्लिक रिपोर्टर का 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड 2024, होटल रेडिशन ब्लू में दोपहर 3 बजे
4. शहर के अन्य हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

## ब्रीफ खबरें

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा राष्ट्रीय आपात स्थिति : गुंजन

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस भवन में अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि भारत महिलाओं के खिलाफ हिंसा की भयावह वास्तविकता से जूझ रहा है. हाथरस, उन्नाव जैसे मामले इस संकट की व्यापकता को उजागर करते हैं. कहा कि ये घटनाएं खामोश पीड़ा और लाखों लोगों के टूटे सपनों का प्रतिनिधत्व करती हैं. महिलाओं के खिलाफ हिंसा का खात्मा सिर्फ एक नैतिक दायित्व नहीं हैं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपात स्थिति है. मौके पर पिकी सिंह, पार्वती सिंह, संगीता टोप्पो, अनिता सिन्हा, नीतू देवी, मेरी तिर्की, नीमिता बारी, पूजा गुंप्ता, मीनू सिंह शामिल थीं.

### 31 मार्च को विक्रम हाजरा की संगीतमय शाम होगी

**रांची।** राज्य आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर के तत्वावधान में आगामी 31 मार्च को पीपी कंपाउंड में गुरुनानक स्कूल हॉल में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय गायक विक्रम हाजरा की संगीतमय शाम का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम झारखंड के वंचित जनजातीय स्कूलों और जनजातीय समाज के लिए धन जुटाने के लिए समर्पित होगा. झारखंड में आदिवासी बच्चों के लिए दूरदराज के इलाकों में लगभग 20 मुफ्त स्कूल हैं, जिनमें 3000 से अधिक छात्र हैं. कार्यक्रम में प्रवेश पत्र के लिए 9570395090 पर संपर्क किया जा सकता है. उल्लेखनीय है कि विक्रम हाजरा आध्यात्मिक गायन के क्षेत्र में अपने अदम्य गिटार के साथ सबसे मधुर आवाज़ों में से एक हैं.



### कंज्यूमर एसोसिएशन ने ई-कामर्स नीति की मांग रखी

**रांची ।** झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्रालय को पत्राचार कर ई-कॉमर्स नीति घोषित करने की मांग दोहराते हुए राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति को लागू करने की मांग की है. अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि ईज ऑफ डूईंग के प्रोत्साहन के लिए वन नेशन, वन टैक्स के अनुरूप व्यापार के लिए सिंगल लाइसेंस की जरूरत है. इससे व्यापारियों को एक व्यापार के लिए अनेक लाइसेंस की बाध्यता से राहत मिलेगी. कहा गया कि छोटे व्यापारियों के कर अनुपालन को आसान बनाने के लिए जीएसटी कानून को और अधिक सरल किया जाना चाहिए.

### एक साल से कैद में भगत सिंह की मूर्ति

**रांची ।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा को स्थान दिलाने को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा राजभवन के समक्ष बेमियादी धरने का शनिवार को सातवां दिन था. संस्था एक साल से भगत सिंह की प्रतिमा को लगाने के लिए संघर्ष कर रही है. पिछले वर्ष से राष्ट्रीय युवा ने प्रतिमा लगाने के लिए नगर निगम से स्थान की मांग की थी, लेकिन कोई स्थान नहीं दिया गया. अध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि पिछले साल 16 अप्रैल को पुलिस प्रशासन द्वारा मूर्ति को जब्त कर लिया गया था.



## सोमवार से पूरे जिले में चलाया जाएगा सोशल मीडिया अभियान #आई ऐम वेरीफाइड वोटर

# उपायुक्त के निर्देश पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की हुई समीक्षा

**संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक की गई. बैठक में संपूर्ण झारखंड में 4 मार्च से सोशल मीडिया अभियान #आई ऐम वेरीफाइड वोटर के संचालन के संबंध में चर्चा की गई. बैठक में बताया गया कि किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है. विगत चुनावों में कहीं-कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) लेकर मतदान करने जाते हैं, परन्तु मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण वह मतदान करने से वंचित रह जाते हैं. आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसी एक भी घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से #आई ऐम वेरीफाइड वोटर अभियान का संचालन करने का निर्णय लिया गया है. बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची जेम्स सुरिन, अपर समाहर्ता (नक्सल) सुदर्शन मुर्मू, भूमि सुधार उप- समाहर्ता मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक कुमार सुमन, त्रिभुवन सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

**मीडिया अभियान को लेकर निर्देश :** #आई ऐम वेरीफाइड वोटर अभियान का शुभारंभ पूरे राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर 4 मार्च की सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. अभियान के तहत राज्य के प्रत्येक मतदाता से यह अपील की जाएगी कि ये अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर



अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर्स सर्विस पोर्टल (एचटीटीपीएसः//वोटर्स. गव.इन/) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है. यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए आवेदन करें. सभी मतदाताओं से मतदाता सूची अथवा ऑनलाइन नाम जांच करने के बाद संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/वोटर इंफार्मेशन स्लिप की प्रति के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा फेसबुक/ट्वीटर/इंस्टाग्राम आदि पर हैशटैग #आई ऐम वेरीफाइड वोटर का उपयोग करते हुए पोस्ट करने की अपील की जाएगी.

4 मार्च को सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता की प्रति एवं प्रपत्र- 6, 7 एवं 8 के साथ बीएलओ मौजूद रहेंगे. इस दौरान मतदाताओं को उक्त अभियान के बारे में बताया जाएगा, साथ ही जिनका नाम छूट गया होगा, उनका फॉर्म जमा लिया जाएगा.

### वोटर लिस्ट में कैसे खोजें अपना नाम ?

इस वोटर हेल्पलाइन ऐप की मदद से उपयोगकर्ता मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं और मतदाता सूची को डाउनलोड भी कर सकते हैं. वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने के लिए आपको ऐप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना होगा. जैसे ही आप सर्च बार पर टैप करेंगे, एक नया पेज खुलेगा, जहां उपयोगकर्ता मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड, विवरण या ईपीआईसी नंबर दर्ज करके मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं. जानकारी हो कि आप नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि/आयु, लिंग, राज्य या निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी से भी मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं.

**ईपीआईसी से खोजें :** यदि आपके पास मतदाता पहचान पत्र है तो आप ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर दर्ज करके नाम खोज सकते हैं.

**मोबाइल नंबर से खोजें :** अगर आपका मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है तो आप अपने मोबाइल नंबर के जरिए भी वोटर लिस्ट में अपना नाम खोज सकते हैं.

### रांची जिला में व्यापक प्रचार

प्रसार करते हुए अधिक से अधिक वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाने के लिए अभियान चले. साथ ही उन्हें यह भी अवगत कराया जाये कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहती है.

### उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में दी जानकारी

वोटर हेल्पलाइन ऐप की मदद से मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं. इसके साथ ही वे यह भी जांच सकेंगे कि वे वोट देने के योग्य हैं या नहीं.

**मतदाता पंजीकरण :** यदि आपका नाम पंजीकृत नहीं है तो इस ऐप की मदद से मतदाता अपना नाम चुनाव सूची में पंजीकृत कर सकते हैं. इसके साथ ही आप रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में सुधार भी कर सकते हैं.

**मतदाता पर्ची डाउनलोड :** इस ऐप के माध्यम से पात्र उपयोगकर्ता मतदान के लिए मतदाता सूची या डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड कर सकते हैं.

**चुनाव संबंधी विवरण :** इस ऐप पर उपयोगकर्ता चुनाव संबंधी जानकारी, परिणाम अपडेट और उम्मीदवारों के बारे में विवरण जान सकते हैं.

## झारखंड बजट सत्र 2024-25 का समापन, सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

# 45 दिनों में होगी जांच और 6 महीने में रिपोर्ट देंगे आयुक्तः रामेश्वर उरांव

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 2024-25 का समापन हो गया. मुख्यमंत्री के भाषण के साथ स्पीकर डॉ. रवींद्र नाथ महतो ने सदन को अनिश्चितकाल के स्थगित कर दिया. शनिवार को सदन के दूसरे सेशन में कुल 42 गैर सरकारी संकल्प के जरिए विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र का सवाल किया, जिसका मंत्री और प्रभारी मंत्री ने जवाब दिया. तीन गैर सरकारी संकल्प को सदस्यों द्वारा अड़ जाने के बाद स्पीकर ने अस्वीकृत कर दिया. राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोबिन हेंब्रम के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि माइनिंग एरिया आदिवासी रैयतों की जमीन को लीज में दिए जाने की मामले की जांच संबंधित क्षेत्र के प्रमंडलीय आयुक्त करेंगे. 45 दिनों के अंदर इसकी जांच करायी जाएगी और छह महीने के अंदर उसकी रिपोर्ट आयुक्त सरकार को सौपेंगे. इससे पूर्व विधायक लोबिन ने गैर सरकारी संकल्प के जरिए कहा कि सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट वाले एरिया में आदिवासी जमीन का लीज, बंदोबस्ती या किसी भी प्रकार हस्तांतरण, खरीद, बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है. इसके बावजूद कोल्हान प्रमंडल के पश्चिम सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों और अंचलों के आदिवासी जमीन को आयरन ओर, लाइम स्टोन आदि के लिए लीज पर दे दिया गया है. इतना ही नहीं धार्मिक, भुईंहरी, डाली कतारी, सरना दोन की जमीन भी लूटी जा रही है. इसलिए इसकी उच्चस्तरीय जांच करायी जाए.

**गुरुजी सहित अन्य आंदोलनकारियों को मिले सम्मान : जेपी पटेल :** भाजपा विधायक जेपी पटेल ने गुरुजी, शहीद निर्मल महतो, शक्तिनाथ महतो, शैनाथ महतो, रसिक हांसदा,सोहर महतो, शनीचर महतो, केवल महतो, साधु महतो,मोहर महतो, बोधराम महतो, रामधनी मंडल, महेंद्र प्रताप सिंह, बुबनी महतो आदि आंदोलनकारियों को मसला उठाते हुए इन्हें सम्मान देने की मांग की. इसके जवाब में मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह मसला सरकार संज्ञान में लेती है. इस पर विचार करेगी.



### सरकार अच्छी-अच्छी योजनाएं लेकर आयी : स्पीकर



अपने समापन भाषण में स्पीकर डॉ रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि गठबंधन सरकार का यह अंतिम बजट सत्र है. हम यह दावे के साथ कह सकते हैं कि इन पांच सालों में यह सरकार बहुत अच्छी-अच्छी योजनाएं लेकर आयी, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है. विकास को लेकर इस सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जो मिल का पत्थर साबित होगा. कुछ मामलों में सदन में गतिरोध हुआ मगर कुल मिलाकर यह सदन लाभकारी रहा, जो सदस्यों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा.

### एचईसी बंद होने के कगार पर है, सरकार टेकओवर करके खाली जमीन रैयतों को वापस करे : राजेश कच्छप



कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने गैर सरकारी संकल्प के जरिए कहा कि एचईसी कर्मियों को 20 महीने से वेतन नहीं मिला. लगता है कि कंपनी अब बंद हो जाएगी. इसलिए सरकार इसे टैक ओवर करते हुए खाली पड़ी जमीन को रैयतों को वापस करे. इसका जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि यूपीए सरकार ने यही नियम बनाया था कि जो जमीन किसी कंपनी या संस्था द्वारा किसी प्रयोजन के लिए अधिग्रहित की जाती है, अगर वह इस्तेमाल नहीं होता है तो उसे रैयतों को वापस कर दिया जाएगा. एचईसी चाहे तो वह जमीन वापस कर सकती है.

### विस्थापितों को लेकर सरकार लेगी उचित निर्णय : मंत्री



हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने जगरनाथपुर धुर्वा के समीप मामा नगर, लंका कॉलानी, सुदंर नगर, भुसर, न्यू कॉलानी, बर झोपड़ी, जगरनाथपुर खटाल, लीची बगान एवं हटिया नायक टोली आदि अतिक्रमित जमीन का मसला उठाते हुए कहा कि सरकार इन्हें रेगुलराइज करे और आवास बोर्ड द्वारा दिए जा रहे नोटिस को बंद किया जाए. इसके जवाब में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इसको लेकर सरकार उचित निर्णय लेगी.

# विधानसभा से 4 विधेयक पास एक प्रवर समिति में भेजा गया



- सरकारी विभागों के विवाद निपटारे के लिए बनेगा न्यायाधिकरण

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

विधानसभा से झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम न्यायाधिरण विधेयक 2024 पास हुआ. राज्य के सभी विभागों में कार्य संविदाओं के तहत उठे विवाद के समाधान के लिए यह विधेयक लाया गया है. न्यायाधिकरण के गठन के बाद विभागों में उठे विवादों का 4 महीने के भीतर समाधान करने की कोशिश की जाएगी. न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति सरकार के द्वारा की जाएगी.

झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2024 भी सदन से पास हुआ. इसके तहत गिरिडीह और कोडरमा जिले के कॉलेजों को गिरिडीह में बनने वाले सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी के अंतर्गत लाया जाएगा. गिरिडीह जिले में किसी यूनिवर्सिटी के नहीं होने के कारण जिले के 22 कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नियंत्रण में हैं. गिरिडीह से हजारीबाग की दूरी करीब 115 किलोमीटर है. इतनी दूर यूनिवर्सिटी होने कारण गिरिडीह जिले में उच्च शिक्षा का संतोषजनक विकास नहीं हो पाया है. वहीं कोडरमा जिले के भी 11 कॉलेज विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आते हैं. यूनिवर्सिटी दूर होने के कारण यहां भी उच्च शिक्षा का विकास नहीं हो पाया है.

विधानसभा से झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2024 पारित हुआ. 2017 बने झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 2, 24 और शेड्यूल-3 में संशोधन किये गये हैं.

विधानसभा से झारखंड जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय स्थापनाओं में) (निरसन) विधेयक 2024 पास हुआ.

झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2024 को सदन में लाया गया. विधायक विनोद सिंह और लंबोदर महतो की मांग पर विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया.

# आज से पुनः खुलेगा जंगली रेस्टोरेंट



**संवाददाता। रांची**

मेन रोड का जंगली रेस्टोरेंट 4 मार्च को दुबारा खुलेगा. यह कोरोना के दौरान अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया था. रेस्टोरेंट के मालिक दुर्गेश साहू ने यह जानकारी दी. उन्होंने शनिवार को बताया कि रेस्टोरेंट को नये रूप में खोला जा रहा है. इसमें कोलकाता और मुंबई से शेफ और कुक की नयी टीम आ रही है. इसलिए यहां अलग ढंग के खाने की व्यवस्था रहेगी. खाने में चाइनीज, कॉन्टिनेंटल, लैबिनीज, मिड्ल, स्टन आदि मुख्य रूप से आकर्षण के केंद्र होंगे। इस रेस्टोरेंट की वर्तमान क्षमता सौ ग्राहकों की है. उन्होंने बताया कि यह रेस्टोरेंट उन्होंने अपने पिता स्व. नंदलाल प्रसाद की प्रेरणा से 2000 ईस्वी में खोला था. जंगली रेस्तरां स्वदेशी व्यंजनों का एक क्यूरेटेड चयन पेश करता है, जो मेहमानों को जंगल के बीच में एक पाक यात्रा की पेशकश जैसा है. यह रांची के बीच शहर में जंगल का अहसास कराता है. इसके अतिरिक्त रेस्तरां दुनिया भर के विदेशी जंगली व्यंजनों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो वैश्विक स्वादों और परंपराओं के साथ भोजन के अनुभव को समृद्ध करता है, प्रसिद्ध रेस्तरां, जंगली ने अपनी छत के ऊपर एक शानदार ग्लास हाउस का भी अनावरण किया है. वर्षों से, जंगली ने महेंद्र सिंह धोनी, नसीरुद्दीन शाह, इम्तियाज अली, टीनू आनंद, हेमंत सोरेन, मिस सारिका सहित प्रतिष्ठित हस्तियों का स्वागत किया है.

## पहले पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया, फिर बोनस देने का लालच दे 29 लाख ठगे

# सीआईडी ने 2 साइबर अपराधियों को दबोचा

**संवाददाता। रांची**

सीआइडी की साइबर सेल ने 28.94 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के नालंदा का रहने वाला कुमुद रंजन और हजारीबाग का रहने वाला एजाज अनवर शामिल है. इनके पास से तीन मोबाइल, तीन सिम, एक लैपटॉप समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. इस मामले में पहले भी तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं. ठगी मामले में 14 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी.

**क्या है मामला :** दर्ज प्राथमिकी के अनुसार साइबर अपराधियों ने वादी को पहले टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया. साइबर अपराधियों की ओर से पहले एक लिंक भेजा गया. फिर इस लिंक पर लॉग इन कर मूवीज रेटिंग करने का पार्ट टाइम ऑफर दिया गया. साइबर अपराधियों द्वारा वादी को अन्य कई टेलीग्राम प्रोफाइल से जोड़ कर मूवीज रेटिंग करने का दबाव बनाया जाने लगा. उनकी ओर से कहा गया कि टास्क पूरा होने पर पैसे मिलेंगे. वादी को झांसे में लेने के लिए साइबर अपराधियों ने उन्हें पेटीएम खाते में कुछ रुपए भेजे ताकि उनका विश्वास उनपर बना रहे.



### बोनस मिलेगा, यह कह कर निवेश करने का दिया लालच

साइबर अपराधियों ने कहा कि अगर वह निवेश करते हैं तो उसपर बोनस मिलेगा. जो आपके एकाउंट में जमा होगा. अपराधियों ने मूवीज रेटिंग के टास्क को पूरा करने के लिए अलग-अलग बैंक में खाते खुलवा कर डिपोजिट करवाया जाता था. अपराधी यह भी आश्वासन देते थे कि 30 मूवी की रेटिंग पूरी करने के बाद पूरे पैसे कमीशन के साथ वापस कर दिया जाएगा. शुरुआत में 30 मूवीज की रेटिंग पूरी होने पर उनके खाते में कुछ रुपए भेजे गए. जब वादी उनके पूरे झांसे में आ गए, तब उनसे 28.94 लाख रुपए साइबर अपराधियों ने अलग-अलग खातों के माध्यम से ठग लिए. इसके बाद उन्हें एक रुपये भी उनके खाते में नहीं गया, तब उन्हें एहसास हुआ कि वे साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं.

# आदिवासी संगठनों ने ईवीएम के विरोध में निकाला पैदल मार्च

**संवाददाता। रांची**

आदिवासी संगठनों ने ईवीएम के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से पैदल मार्च निकाला. इस मार्च में शामिल लोगों ने ईवीएम हटाओ देश बचाओ, ईवीएम से वोट की चोरी नही चलेगी, चुनाव आयोग होश में आओ के नारे लगाते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे. जहां ईवीएम मशीन की डम्मी जलायी गयी. मार्च में शामिल अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि देश में ईवीएम मशीन के माध्यम से लोकतंत्र के वोट की चोरी की जा रही है. लोकतंत्र को गुलाम बनाने का प्रयास हो रहा है. भाजपा को छोड़कर देश की सभी राजनीति पार्टियां वैलेट पेपर से विधानसभा और लोकसभा चुनाव कराने के पक्षधर है. बीजेपी ईवीएम मशीन से चुनाव कराकर सत्ता में पुनः लौटने का प्रयास कर रही है. आदिवासी जनपरिषद के प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है. जापान में ईवीएम मशीन बनती है, वहां ईवीएम मशीन से चुनाव नहीं होता है. भारत में मशीन से चुनाव कराकर लोगों के मौलिक अधिकार की हत्या की जा रही है. झारखंड में ईवीएम मशीन से चुनाव हुआ तो ईवीएम मशीन का विरोध किया जाएगा. लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि ईवीएम मशीन से देश में चुनाव कराकर वोट की हैकिंग की जाती है. मौके पर निरंजना हेरेंज, अनिल पूर्ती, कृष्णा मुंडा, प्रकाश हंस, संदीप तिर्की, तारामणी साहु, राहुल तिर्की, चंदन पाहध, लाला महली, नदीम समेत अन्य शामिल थे.




## बैठक

## झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटर की बैठक, बोले प्रभारी-

# लोकतंत्र के लिए खतरा बने दलों से जनता को मुक्ति दिलाने का संकल्प लें

**रेहान अहमद। रांची**

कांग्रेस ने झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटर की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया. सभी लोस क्षेत्र के बारे जानकारी प्रभारी ने ली. सभी को-ऑर्डिनेटर से अपने-अपने संसदीय क्षेत्र का विस्तृत ब्योरा प्रभारी को सौंपा और की जा रही तैयारियों के बारे में बताया. मीर ने सभी लोकसभा क्षेत्र में समन्वय समिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया. उन्होंने बैठक में सभी जिला-प्रखंड अध्यक्षों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, पीसीसी डेलीगेट की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा.

**हमें पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ना है : मीर :** प्रभारी मीर ने कहा कि हमें पूरी गंभीरता और ताकत के साथ चुनाव लड़ना है, ताकि लोकतंत्र के लिए खतरा बने दलों से जनता को मुक्ति दिलायी जा सके. कहा कि सभी क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक,जातिगत और अन्य सभी पहलुओं का विस्तार से मूल्यांकन जल्द से जल्द करना होगा और उसी के अनुरूप अपनी चुनावी तैयारी को मूर्त रूप देना होगा. साथ ही हमें झारखंड की वर्तमान महागठबंधन सरकार द्वारा चलायी गयी विकास योजनाओं के बारे में भी जनता को बताना होगा.



### जनता जान चुकी है, जनता जाग चुकी है : ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी बिल्कुल बज चुका है और हमें मिलजुल कर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को शिकस्त देना है. विगत 10 वर्षों के दौरान भाजपा ने विकास और जनता की भलाई के नाम पर उनकी आंखों में धूल झोंकने का ही काम किया है. जब-जब देश में चुनाव आता है, तब तब प्रधानमंत्री पूरे देश में घूम- घूम कर झूठे चुनावी वादों की घोषणा करते हैं और उनका यह काम अभी भी बदस्तूर जारी है. देश के हर राज्य में हजारों करोड़ों की योजनाओं की घोषणा प्रतिदिन प्रधानमंत्री कर रहे हैं और जनता को अपने झूठे वादों से विश्वास में लेने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आम जनता उनके झूठ को जान चुकी है. इसका जवाब मतदान द्वारा देश के मतदाता जरूर देंगे. मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप तुलस्यान, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, जयशंकर पाठक,अमूल्य नीरज खलखो,मानस सिन्हा, अशोक चौधरी शामिल थे.

# जेएसएससी ने जारी किया पीजी प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा का रिजल्ट

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 के परिणाम जारी कर दिये हैं. मिली जानकारी के अनुसार नियमित एवं बैकलॉग के लिए हुए परीक्षा में 259 अभ्यर्थियों ने सफल्ता प्राप्त किया है. केमेस्ट्री में कुल 218 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है. जिसमें जेनरल के 85, एससी 22,एसटी में 59 पिछडा में 23 और ईडब्ल्यूएस के 29 अभ्यर्थियों ने पास किया है.

### रसायन शास्त्र सीधी भर्ती- बैकलॉग रिक्ति में इन्होंने पाई सफलता

**अनुसूचित जनजाति :** 10615115, 11315058, 11415358, 11522242, 12322352.

**अनुसूचित जाति :** 10815237, 11022027, 11522428, 12415102.

**अत्यन्त पिछड़ा वर्ग :** 11522375.

### रसायन शास्त्र सीमित भर्ती नियमित रिक्ति सफल लोग

**अनारक्षित :** 10115051, 10215028, 10215153, 10215213, 10215393, 10315010, 10522015, 10815002, 10815072, 10915019, 11022110, 11315064, 11415192, 11522054, 11522215, 11522238, 11522335, 11715218, 11922141, 12015234, 12022121, 12122151, 12222181, 12315344, 12322128, 12322242, 12322349, 12415118

**अत्यन्त पिछड़ा वर्ग :** 10415080, 11222148.

**पिछड़ा वर्ग :** 10215397

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 03 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 315 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# आदिवासियों को जंगल, कोयलांचल वासियों को जमीन से बेदखल करने का षडयंत्र रच रही है भाजपा : सीएम

**कौशल आनंद। रांची**

- **जिस दिन लागू हो गया सीबीए एक्ट, कोयलांचलवासी खो देंगे अपनी जमीन से अधिकार**
- **जल, जंगल, जमीन बचाना है तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना होगा**

विधानसभा बजट सत्र के समापन भाषण में सीएम चंपाई सोरेन ने भाजपा पर हमला बोला. कहा कि भाजपा को आदिवासियों-मूलवासियों के हित की बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है. मोदी सरकार आदिवासी-मूलवासियों को उनके जल, जंगल, जमीन से बेदखल करने का षडयंत्र रच रही है. पहले वन अधिकार अधिनियम में संशोधन कर आदिवासियों को जंगलों में उनके अधिकार से वंचित करने की कोशिश की और अब सीबीए एक्ट के जरिए कोयलांचल के लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने की तैयारी कर रखी है. सीबीए एक्ट में जो प्रावधन हैं, उसके तहत कोयलांचल में जमीन पर अब न रैयतों का अधिकार रहेगा और न राज्य सरकार का अधिकार रह पाएगा. अभी ये प्रावधान है कि केंद्र की कोयला कंपनियां कोयला निकाल कर उन्हें रैयतों को उपयोग के लिए छोड़ देती है, लेकिन सीबीए एक्ट लागू होने के बाद कोयला निकालने के बाद कंपनियां वहां मॉल बना देंगी. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरोध के कारण केंद्र सरकार ने यह एक्ट अभी रोक रखा है, लेकिन जल्द ही कोयलांचल के लोगों को उनकी जमीन से बेदखल करने का काम केंद्र सरकार करेगी. सीएम ने कहा कि हमें झारखंड को बचाना है, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना होगा. हमें इन्हीं सब मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना होगा.

## भाजपा ने सीएनटी का अस्तित्व मिटाने की कोशिश की



मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के साथियों ने झारखंड को बुरी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है. भाजपा की सरकार ने सीएनटी एक्ट की धारा 49 में छेड़छाड़ की. जमीन का नेचर चेंज करने का काम किया. धारा 49 ही सीएनटी एक्ट का सुरक्षा कवच है. भाजपा सरकार ने इस सुरक्षा कवच को शिथिल कर इसके अस्तित्व को मिटाने की कोशिश की है. आदिवासी जमीन का नेचर बदलता जा रहा है.

### आदिवासी-मूलवासियों के लिए भी हमारी नीतियां राजभवन में रोक देती है भाजपा

चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार नियोजन के मुद्दे को लेकर गंभीर है, लेकिन भाजपा ने बड़े सुनियोजत तरीके से आदिवासी-मूलवासियों के नियोजन के लिए हमारी बनाई गई नीतियों को रोकने का काम किया. 1932 की खतियान आधारित नियोजन नीति राजभवन में रुक गयी. 27 फीसदी आरक्षण का विधेयक भी राजभवन में रुक गया. सरना धर्म कोड भी वहां पर रुक गया है. अब हमारे पास एक ही विकल्प बचा है. दूसरे राज्यों की तरह हमें भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा.

### मोदी ने राज्य के आदिवासी-मूलवासियों का मजाक उड़ा दिया

चंपाई सोरेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी बरसे. कहा जिस तरह से नरेंद्र मोदी ने धनबाद में बात की, वह निंदनीय है. नरेंद्र मोदी झारखंड की जनता को मनुष्य के रूप में नहीं बल्कि कीड़े-मकोड़े के रूप में देखते हैं. जिस तरह की बातें वे वहां बोल कर गये हैं, कोई पंचायत लेबल का नेता भी उससे अच्छे तरीके से अपनी बात रखता है. उन्होंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों का मजाक उड़ाया है.

सीएम की बड़ी घोषणा

# ग्रामीणों का बकाया बिजली बिल होगा माफ

**रांची।** मुख्यमंत्री ने सदन में कई बड़ी घोषणाएं भीं की. उन्होंने कहा कि 30 लाख ग्राहकों को 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिलेगा. ग्रामीण क्षेत्र का बकाया बिजली बिल माफ होगा. जो बिल नहीं दे पाए, सरकार उनका बिल माफ करेगी.

### क्या-क्या कहा

- न खाता न बही- हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया.
- ग्रामसभा खत्म करने की साजिश.
- जमीन को बचाने के लिए दिल्ली तक जाएंगे, मोदी सरकार से लड़ेंगे.
- धनबाद को बचाना है, तो मोदी को हटाना होगा.
- ये यहां के आदिवासी-मूलवासी को खत्म करने की साजिश रच रहे
- ये लोग किस विकास की बात करते हैं, समझ में नहीं आता है.
- अब फिर से जनता के बीच जाने का समय आ गया है. सारे कारनामे को हम लोग उजगार करेंगे.
- जेएसएससी का पेपर लीक के बाद बहुत जल्द सरकार एग्जाम लेगी. एसआईटी जांच जल्द पूरी होगी.
- यहां के आदिवासी-मूलवासियों को अपने पैर पर खड़ा करेंगे.
- हर खेत में पानी पहुंचाएंगे, ताकि प्रकृति के भरोसे न रहना पड़े.
- भाजपा और केंद्र सरकार आदिवासी मूलवासियों को कीड़े-मकोड़े की तरह देखती है.
- हमारे गांव के लोग अपनी मातृभाषा को छोड़ दूसरी भाषा नहीं जानते हैं, इसलिए सरकार मातृभाषा के शिक्षकों की बहाली करेगी.
- झारखंड में हेमंत पार्ट 2 सरकार बहाएगी विकास की गंगा, लोस की सभी सीटें हम लोग जीतेंगे.

सोशल मीडिया में गरमाया गौशाला न्यास समिति का मामला, प्रतिक्रिया में क्या-क्या नहीं कह रहे लोग

# गौ माता की जमीन खा जा रहे, छी...छी...

## गौशाला न्यास समिति के बड़े लोगों के बड़े कारनामे

**राजन बॉबी। रांची**

बाढ़ू, बुकरु स्थित गौशाला की गोचर जमीन को लेकर गौशाला न्यास समिति की कारगुजारियों की चहुंओर निंदा हो रही है. गौशाला की जमीन औने-पौने दाम पर बेचे जाने को लेकर मारवाड़ी समाज के लोग समिति के पदाधिकारियों की लानत-मलामत करते हुए हिंदी दैनिक शुभम संदेश में छप रही खबरों को भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं. शुभम संदेश की खबर की पुष्टि करते हुए पदाधिकारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं. समिति के पदाधिकारियों की सफाई पर भी समाज के लोग तंज कस रहे हैं. कई तरह की बातें कह रहे हैं. पदाधिकारियों की कारगुजारियों पर समाज के लोग अपने- अपने अंदाज में कमेंट कर चुटकी ले रहे हैं . कारगुजारियों को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही छींटाकशी व उठाये जा रहे सवाल समाज के लोगों ने शुभम संदेश को भी शेयर किये हैं. समाज के लोग जिस तरह की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर दे रहे हैं, उसे हम हू-ब-हू छाप रहे हैं. हालांकि हमने कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों को दरकिनार भी कर दिया है, जो हम सभ्य समाज के सामने प्रस्तुत नहीं कर सकते.




## सोशल मीडिया में शुक्रवार की प्रतिक्रियाएं

# यह घोटाला नहीं तो और क्या है?

**समझ में आ गया, चुनाव लड़ने औप पद के लिए क्यों लालायित रहते हैं...**

संस्थाओं के पदाधिकारी मलाई खाते हैं...गौ माता की जमीन खा जा रहे हैं ये लोग. छी...छी. गौ माता की जमीन खानेवाले इन कसाइयों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए. अब इनके चेहरे बेनकाब हो रहे हैं.अब समझ में आ रहा है कि इसलिए ही धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में ये लोग चुनाव लड़ने और पद के लिए इतना क्यों लालायित रहते हैं. बेच कर खा जाओ समाज को.

**अब कारनामे जगजाहिर हो रहे हैं?**

अब तो पत्र के साथ सभी का रिसीविंग भी सामने आ गया है. क्या इन लोगों ने सदस्यों/ सभी पदाधिकारियों और दान व चंदा देनेवाले समाज के लोगों को इन तथ्यों की जानकारी दी है आज तक? यह घोटाला नहीं तो और क्या है? ह्वाइट कॉलर लोगों और रांची गौशाला न्यास समिति के कारनामे अब धीरे-धीरे जग जाहिर हो रहे हैं.अब तो पूरा डिटेल भी आ गया है सामने.लगता है पूरा मामला अब मनी लॉन्ड्रिंग की तरफ मुड़ जाएगा...

**ये लोग इस्तीफा देकर भी मंच से ज्ञान दे रहे थे**

लोग इस्तीफा देकर भी मंच से कल इस प्रकार संबोधित कर रहे थे कि मानो कुछ हुआ ही नहीं है. इस्तीफे देने के बाद भी ज्ञान दे रहे थे. ट्रस्टी राजकुमार केडिया जी को सभी नियमों को ताक पर रखकर कैसे बेच दी गौशाला का जमीन? जबकि गौशाला के संविधान अर्थात ट्रस्ट डीड में स्पष्ट उल्लेख है इसका - न्यास के न्यासी कार्यकारिणी के सदस्य जो वर्तमान में है,या पूर्व में रहे हों या भविष्य में होंगे,को न्यास की कोई चल-अचल संपत्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न तो दी जाएगी, न ही हस्तांतरित की जा सकेगी.

**प्रदीप राजगढ़िया को जमीन बेचने का अधिकार किसने दिया?**

इस बूढ़ारी में उनके साथ जेल जाने जैसा कर्म करवाने के लिए कौन-कौन जिम्मेदार होंगे? क्योंकि अपराध स्पष्ट है.सचिव प्रदीप राजगढ़िया जी को जमीन बेचने हेतु ऑथोराइजेशन लेटर किसने दिया है? सिग्नेचर ऑफ एक्सीक्यूटेंट कौन है? पुराने लेटर पैड का आखिर जुलाई 2021 में क्यों उपयोग किया गया? कैसे सब-रजिस्ट्रार, रांची ने इस ऑथोराइजेशन लेटर पर गौशाला की जमीन बिक्री हेतु रजिस्ट्री कर दी? ऑथोराइजेशन तो हमेशा ट्रस्ट बोर्ड और ट्रस्टी ही न करेंगे?


**जमीन गौशाला को वापस हो सकती है**

अब सभी बिक्री डीड नल एंड वॉयड हो सकता है. और जमीन गौशाला को वापस हो सकती है. तभी तो इतना दिमाग लगाया है कि गौशाला की जमीन गौशाला को वापस हो जाए और पुनः वहां पर गौशाला का विकास समाज हित में हो सके.

### जेल नहीं जाएंगे, तो कहां जाएंगे ये लोग



जमीन बेचने वाले और जमीन खरीदने वाले दोनों की ही गलती है.अब इसके बाद जेल नहीं जाएंगे तो कहां जाएंगे यह लोग. 15.04.2013 से अब तक ट्रस्टी बोर्ड में बने सारे ट्रस्टी और सोसाइटी के समस्त तत्कालीन और वर्तमान पदाधिकारियों पर यह प्रश्नचिह्न है. कैसे व्योवृद्ध राजकुमार केडिया जी, जो अभी वर्तमान में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, को गौशाला की जमीन मात्र 7174 रुपये प्रति डिसमिल की दर पर जुलाई 2021 में बेच दी गयी और फिर ट्रस्टी भी बना लिया गया? जबकि नियम में एकदम स्पष्ट है कि ऐसे व्यक्ति को जमीन बेची ही नहीं जा सकती है.



## शनिवार को सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं

### अब कौन सच्चा और कौन झूठा?

अब कौन सच्चा और कौन झूठा, फैसला आखिर कौन करेगा. लेकिन समाज इनकी एक्टिविटी से सब पता लगा लेता है कि कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ? इन लोगों ने तो इस्तीफा दे दिया था, फिर उसके बाद कैसे आमसभा में मंच से संबोधित कर रहे थे और खुलकर इस प्रकार का बयानबाजी कर रहे हैं पद के साथ? इन लोगों की तरह इनका इस्तीफा भी आई वॉश है क्या?

### इस्तीफा में ही इतना गंडोगोल, तो जमीन डील में कितना गंडोगोल होगा?

जब हाल फिलहाल के इस्तीफा में ही इतना गंडोगोल है, तो करोड़ों की जमीन डील में कितना गंडोगोल होगा? जब गोपालका जी ने 2019 में यह चिट्ठी सभी को रिसीव करवाई है और सबका हस्ताक्षर इस पर मौजूद है, तो फिर इस पर क्या जवाब दिया है इन महानुभवों ने. ज्ञान प्रकाश बुधिया जी तो चीजों को ठीक करके गए थे, लेकिन उनके निर्णय को मान कौन रहा है. आज के दिन उनके जाने के बाद झूठ कौन बोल रहा है, वह तो अब समझ में आने लगा है समाज को... जब ज्ञान प्रकाश बुधिया जी, ट्रस्ट बोर्ड के न्यासी अध्यक्ष ने अपने जीवन काल में ही अपने हाथ से अपनी हैंडराइटिंग में साफ-साफ लिख दिया है कि सभी निर्णय मीटिंग में हुए हैं, अतः अध्यक्ष के आदेश से सभी मेंबर बनाए गए हैं.

### इनके कारनामों से समाज वाकिफ है

और 135 लोगों की सदस्यता को स्वीकृत किया है दूसरे पत्र में भी. तो फिर यह लोग कितना भी झूठ बोल लें, चिल्ला - चिल्ला कर फोटो के साथ अखबार में प्रकाशित कराने से कोई फर्क नहीं पड़ता है. इन लोगों के कारनामों से समाज वाकिफ है.

### जो इस्तीफा देकर पीछे हट गया, उसका क्या कहना?

जो इस्तीफा देकर पीछे हट गया, उस पर क्या विश्वास किया जाए. इसलिए सभी 135 की सदस्यता के आधार पर उनका वोटिंग राइट क्लियर करो. और संशोधित वोटिंग लिस्ट जारी करके दो बार से टल हो रहे चुनाव को संपन्न कराओ. क्योंकि सब अपने समाज के ही लोग हैं.

### जम्मू कश्मीर समझ लिया है क्या रांची को?

पहली बार दोनों अध्यक्ष का फोटो एक साथ आया एक जगह पर. एक गौशाला में 2 अध्यक्ष कैसे ? और फिर 2 विधान कैसे? जम्मू कश्मीर समझ लिया है क्या रांची को.अब जो भी होगा वह एक होगा, नियम से- एक अध्यक्ष और एक संविधान.

### आखिर यह हस्ताक्षर किस ट्रस्टी का है?

ट्रस्टी तो छोड़िए, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष भी हैं, क्या यह हस्ताक्षर करने वाले, जिसने सचिव प्रदीप राजगढ़िया जी को ऑथराइज कर दिया? यह हस्ताक्षर जिसका है, उसको सचिव प्रदीप जी को ऑथराइज करने का पॉवर कहां से आया? जिसके आधार पर सब-रजिस्ट्रार ने गौशाला की बाढ़ू, बुकरू की 15.95 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करवा दी.

# हेमंत ने पढ़ने के लिए किताबें मांगी, कल्पना सोरेन जाएंगी देने

**विशेष संवाददाता। रांची**



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जेल में पढ़ने के लिए किताबें मांगी हैं. उनकी पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को उन्हें किताबें देने होटवार जाएंगी. कल्पना सोरेन ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है. कल्पना ने एक्स पर लिखा है - हेमंत जी ने पढ़ने के लिए किताबें मांगी हैं. कल उन्हें यह किताबें देने जाऊंगी. इससे पहले भी हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन, मुंडारी, हो और कुड़ुख भाषा आदि से जुड़ी किताबें पढ़ने के लिए मंगायी थीं.

हेमंत जी को किताबें पढ़ने का हमेशा से शौक रहा है. वह घर में अपनी किताबों को बहुत प्रेम से संजों कर रखते हैं. अन्य किताबों के साथ-साथ झारखंड और झारखंड आंदोलन से जुड़ी किताबें वह हमेशा विशेष रुचि लेकर पढ़ते रहे हैं. राज्य की बागडोर संभालने के बाद उन्होंने उनसे मिलने वाले सभी लोगों से बुके नहीं बुक देने की अपील की थी. जिसके परिणामस्वरूप पिछले 4 वर्षों में उन्हें हजारों किताबें मिलीं.

राज्य, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े, यही हेमंत जी का सपना रहा है. राज्य की हर पंचायत में आमजन के लिए लाइब्रेरी खोलने की उनकी इच्छा आज हमें कई जगह देखने को मिलती है. सरकारी स्कूलों में उत्कृष्ट पढ़ाई हो, बच्चों की छात्रवृत्ति में वृद्धि हो, गरीब परिवार की बेटियों को आर्थिक मदद मिले, उनकी पढ़ाई न छूटे, वंचित समाज के युवा भी अपने सपनों को साकार करते हुए विदेश में शिक्षा ले सकें-हेमंत जी का यही संकल्प रहा है.

भाजपा अपने कुचक्रों से उन्हें कुछ देर तो परेशान कर सकती है - पर एक झारखंडी योद्धा की सोच और संकल्प को वह कैसे दबा पाएगी? राज्य में शिक्षा की जो क्रांति हेमंत जी ने शुरू की है, वह निरंतर आगे बढ़ रही है. झारखंड ने झुकना नहीं, सिर्फ आगे बढ़ना सीखा है.

## सीएम आज गढ़वा को देंगे करोड़ों की सौगात

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को गढ़वा जाएंगे. वह 93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हाल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल है. उद्घाटन समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है. जगह-जगह पर होर्डिंग-बैनर, स्वागत द्वार आदि का निर्माण कराया गया है. साथ ही विभिन्न स्थानों पर सड़क की मरम्मत भी कराई जा रही है. मुख्य कार्यक्रम गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में होगा, जहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे.

## जयंत सिन्हा ने एक्स पर चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई

**रांची/नयी दिल्ली।** पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई और कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं. सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है, ताकि वह अपना पूरा ध्यान भारत और पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित कर सकें. उन्होंने कहा,यकीनन मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा. भाजपा नेता ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला.

# मोरहाबादी बाजार में दो साल से पानी टंकी खराब

**बसंत मुंडा। रांची**

मोरहाबादी बाजार में दो साल से पानी की टंकी खराब है, लेकिन कोई सुधि लेने वाला नहीं. दूसरी ओर बाजार में आनेवाले लोगों को पानी की व्यवस्था नहीं होने से भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. इस बाजार में 300 महिला पुरुष सब्जी विक्रेता साग-सब्जी बेचने आते हैं. इसी प्रकार सब्जी फल आदि की खरीदारी करनेवाले भी अच्छी संख्या में यहां आते हैं, लेकिन उनके लिए पानी का कोई प्रबंध नही है. दो साल पहले सरकारी पहल पर मिनी एचवाईडीटी पानी टंकी लगायी गयी थी, लेकिन उस टंकी का कोई लाभ नागरिकों को नहीं मिल पाया है. लोगों का कहना है कि यह समस्या अगर बीआईपी इलाके में होती तो पल भर में ठीक हो जाती, लेकिन गरीब लोगों के लिए लगायी गयी इस टंकी की ओर किसी का ध्यान तक नहीं जा सका है.



- **सब्जी विक्रेता संतोष कुमार** ने बताया कि इस बाजार में पानी के लिए तरसना पडता है. साग सब्जी पर पानी छिड़कने के लिए घर से पानी लाते हैं.
- **कुंती देवी** ने बताया कि गांव से शहर में अपने पेट के लिए तपती गर्मी में सब्जी बेचने आते है, लेकिन शहर के बाजार में भी सुविधा नहीं मिल पाती है.
- **नीलम देवी** ने बताया कि 2 साल से पानी टंकी खराब है. गर्मी से राहत के लिए घर से पानी लाते हैं. साग सब्जी में पानी छिड़कने के लिए.

**सूरत-ए-हाल** शेड का निर्माण कार्य शुरू होने मे लगे एक साल , 74 लाख कि लागत से बनाया जा रहा है शेड

# चार माह में बन जाएगा डिस्टिलरी पुल सब्जी मार्केट का शेड

**तरुण कुमार चौबे। रांची**

नगर निगम ने 5.17 करोड़ से लालपुर-कोकर मार्ग पर डिस्टिलरी पुल के पास सब्जी मार्केट बनाया है. मार्केट बनने के बाद 74 मांस मछली दुकानदारों को दुकानें आवंटित हुई थीं. वहां के सब्जी विक्रेताओं द्वारा मार्केट के ऊपर शेड की मांग हो रही थी. एक साल बीतने के बाद निगम ने मार्केट के ऊपर 74 लाख से शेड का निर्माण शुरू किया.

निगम के अधिकारियों ने बताया कि 4 महीने में शेड बन जाएगा. फिर सब्जी विक्रेताओं को स्थान मिलेगा. मीट मछली दुकान का जो स्थान खाली करवाया गया था, उस पर भी शेड बनेगा. इसके लिए नगर निगम के द्वारा उपायुक्त राहुल सिन्हा को आवेदन दे दिया गया है. अनुमति मिलते ही खाली स्थान पर भी शेड बन जाएगा. फिर बिरसा समाधि स्थल के बगल के भूखंड पर पेवर ब्लॉक बिछाने की योजना है. इसके लिए निगम ने टेंडर भी निकाला है. लेकिन, कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है. पेवर ब्लॉक बिछाने को लेकर टेंडर की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. बहुत जल्द यहां निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा.

### जाम से मिलेगी मुक्ति

नगर निगम के असिटेंट म्युनिसिपल कमिश्नर निकेश कुमार ने कहा कि मार्केट के ऊपर शेड का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा. इसके बाद सब्जी विक्रेताओं को वहां शिफ्ट किया जाएगा. सब्जी विक्रेताओं के शिफ्ट होने के बाद लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी.

### निगम के सर्वे नहीं मान रहे स्थानीय दुकानदार

मार्केट बनने के बाद निगम ने लालपुर कोकर मार्ग का सर्वे किया था, जिसमें निगम ने 270 सब्जी विक्रेता को वैध बताया था. लेकिन मार्केट में दुकान के लिए 630 ने आवेदन दिया था. प्राप्त आवेदनों की जांच निगम की टीम ने की. जिसमें से 270 दुकानदारों का नाम सर्वे सूची में पाया गया. जबकि 385 दुकानदारों का नाम सूची में नहीं मिला. बताते चलें कि नगर निगम ने शहर के फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे साल 2016 में कराया था. इस दौरान 5901 फुटपाथ दुकानदार मिले थे.



### दुकानों की संख्या में हो गई वृद्धि

डिस्टलरी पुल मार्केट बन जाने के बाद से फुटपाथ दुकानदारों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है. इस मार्केट का उद्घाटन 15 नवंबर 2022 को किया गया था. उसके बाद से दुकानदारों को शिफ्ट करने की कवायद शुरू हो चुकी है. नगर निगम की मानें तो महज छह साल से इस रास्ते लगभग 400 लोग अपनी दुकान लगाने लगे हैं. स्क्रूटनी में जिन 385 लोगों के नाम नहीं हैं, वे तो दुकान लगा ही रहे हैं. लगभग 50 से अधिक लोग और हैं, जिन्होंने हाल के दिनों में दुकान लगाना शुरू किया है.



### मार्केट बन कर तैयार पर पार्किंग नदारद

नगर निगम द्वारा मार्केट का निर्माण फुटपाथ दुकानदारों को स्थायी जगह देने और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए किया गया था, लेकिन मार्केट में पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई. अगर सब्जी विक्रेता मार्केट में शिफ्ट भी हो जाते हैं तो सब्जी खरीदने आने वाले लोग के लिए पार्किंग कि व्यवस्था नहीं की गई है. खरीदारी करने आने वाले लोगो को मजबूरन अपनी गाडियां सड़क के किनारे खड़ी करनी पड़ेगी, जिसके वजह से जाम की स्थिति बनी रहेगी.

## श्रीश्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन धूमधाम से हुई पूजा-अर्चना, श्याम हवेली में आज प्रज्वलित की जाएगी अखंड ज्योत

# शोभायात्रा में लहराये 301 श्रीश्याम निशान, श्याम हवेली में विराजे खाटू नरेश

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम परिवार के श्रीश्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गयी. श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में दिन के तीन बजे पहले पूजा-अर्चना की गयी. इसके बाद रंग-बिरंगे 301 निशान लहराते झूम कर श्रद्धालु निकले तो राजस्थानी छटा चहुंओर छा गयी. प्रचार वाहन के साथ नगाड़ा पार्टी वाले सबसे चल रहे थे. इनके बाद भजन मंडली के मदन सोनी, पवन शर्मा और जुगल दरगढ़ भक्ति गीतों की लड़िया लगाते साथ बढ़ रहे थे. फिर नाचती-झूमती और निशान लहराती महिलाओं की लंबी कतार थी. श्रद्धालुओं के दो कतारो के बीच श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता सहित श्रीराधा-कृष्ण की मनोहारी झांकी भक्ति रंग बिखेर रहे थे. इनके बाद परिवार के सदस्य और श्रद्धालु राजस्थानी वेश-भूषा में भक्ति धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे. अंत में पंच प्यारे की अगुवाई में श्रीश्याम का शृंगारित रथ सरक रहा था. यात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालु नाचते-झूमते और गुलाल उठाते रहे. शोभायात्रा बंशीधर आडुकिया रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चैक होते हुए शहीद चैक से घूमकर महोत्सव स्थल श्री श्याम हवेली दुर्गा बाड़ी पहुंचकर संपन्न हुई.

निशान शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यवसायी संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. यात्रा में शामिल भक्तों के बीच खाने-पीने के समान बांटे गए. भक्तों ने रथ पर विराजमान श्रीश्याम की आरती उतारी. शोभायात्रा का संचालन करनेवालों में अध्यक्ष श्रवण जालान, महामंत्रीमंटू जालान, महोत्सव संयोजक कमल जलन बनकट, विनय भाटिया, महेश सेन,जयदीप राज, अमित चौधरी, प्रकाश दालानीया, मनोज अग्रवाल, अशोक धानुका, यदीप राज, पवन लोहिया, राहुल अग्रवाल, पवन जालान, गोपाल चंगाल, मदन सोनी, महेश सोनी, निरंजन लाल तोदी,आतिश सिंह, विमल झुनझुनवाला, सुनील साबू , अजय केडिया आदि मुख्य थे.

**आज श्रीश्याम हवेली में जमेगा भक्ति रंग :** उत्सव के अंतिम दिन रविवार को दुर्गा बाड़ी, अल्बर्ट एक्का चौक में भक्ति का खूब रंग जमेगा. सुबह छह बजे श्रीगणेश पूजन से शुरुआत होगी. अखंड ज्योत प्रज्वलित की जायेगी. श्रीश्याम प्रभु के दिव्य शीष का अलौकिक शृंगार किया जायेगा. मनोहारी झांकी सजायी जायेगी.







### अनुपम धन्य हुआ जीवन

नेपाल से आयीं अनुपम खंडेलवाल श्रीश्याम के अनन्य भक्त है. वह बाताती है कि रांची में पहली बार यात्रा में भाग ले रही हूं. ऐसा लग रहा मानो जीवन धन्य हो गया हो. खाटू श्याम सब पर कृपा बनाये रखें.

### बार-बार आए ऐसा अवसर

नेहा खंडेलवाल हर साल निशान शोभायात्रा में भाग लेती है. वह कहती हैं कि प्रभु के उत्सव में भाग लेने का अवसर भाग्य से मिलता है. श्रीश्याम प्रभु ऐसा अवसर बार-बार प्रदान करें.

## श्रीशिव बारात के मुख्य अतिथि होंगे सीएम

**रांची ।** श्रीशिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर के शिव बारात में सीएम चंपाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे. श्रीशिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें श्रीशिव बारात में शामिल होने का दिया. सीएम ने की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी सहमति जताई. नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा, जीतू अरोड़ा, राजू काठपाल, नरेश मक्कड़, गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, विनय सिंह,बाशु, दीपक बजाज, गीतांधु काठपाल, मोनू शर्मा, आयुष काठपाल, लखन, गीत सचदेवा, विनीता मनु, छाया वर्मा, मंजुला, रीता आदि निमंत्रण देने वालों में मुख्य थे. राज्यसभा सांसद महुआ माजी बारात में विशिष्ट अतिथि होंगी. उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि आठ मार्च को दोपहर एक बजे मुख्य अतिथि बारात विदा करेंगे.

## 11 दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का हुआ उद्घाटन

# मेले से राज्य का आर्थिक विकास होता है : संजय सेठ

### खास बातें

- संजय सेठ और महुआ माजी ने किया फेयर का उद्घाटन
- मेले में विदेशी वस्तुओं की भी खरीदारी करने का अवसर

संवाददाता। रांची

मोहराबादी मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन शनिवार को लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में ट्रेड फेयर होने से कारोबार बढ़ता है, इसका लाभ व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों को भी होता है, ट्रेड फेयर कई नए उत्पादों को देखने और समझने का एक माध्यम है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि झारखंड और बंगाल में सबसे अधिक मेला लगता है, मेले के लगने से राज्य का आर्थिक विकास होता है. राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि ट्रेड फेयर में बाहर के देशों के उत्पाद देखने को मिल रहे हैं. रांचीवासी अब विदेशी वस्तुएं भी अपनी रांची में ही खरीद सकते हैं. यह अच्छी पहल है.



### बेहतर मंच है : शाह

जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने कहा कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है. झारखंड चैंबर, बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांचीवासियों ने खूब सराहा है. शहरवासियों के सामने प्रत्येक वर्ष नई चीजों को लाने की हमारी कोशिश रहती है. दुबई के इत्र, चाकलेट, अफगानिस्तानी मेवे, टर्की के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साड़ी, ईरान का शहद, लखनवी कढ़ाई, चिकन, सिल्क, मुंबई व कोलकाता कें गहने, सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर का मुख्य आकर्षण हैं.

### यहां लगे है 375 स्टाल

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग एसोसिये की ओर से 11 दिवसीय ट्रेड फेयर में करीब 375 स्टॉल्स लगे हैं, जो दिन के 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा. यहां थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, टर्की, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के स्टॉल्स लगे हैं. मौके पर चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, संयुक्त सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, विकास सिंह आदि शामिल थे.

### इससे व्यापार-उद्योग की संभावनाएं बनेंगी : मंत्री

मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे द्वारा किया जा रहा यह प्रयास केवल ट्रेड फेयर नहीं, वरन् राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है, अंतरराष्ट्रीय देश के स्टॉलधारकों के आने से स्थानीय व्यापारियों-उद्यमियों के विचारों का आदान-प्रदान संभव होगा और इससे व्यापार-उद्योग की संभावनाएं बनेंगी. आगंतुकों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था है।

## भोजन विकार जागरूकता अभियान कार्यशाला 9 को

**रांची।** कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में 9 मार्च को संध्या चार बजे से पांच बजे तक भोजन विकार जागरूकता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को ईटिंग डिसऑर्डर और इससे जुड़े मेंटल डिसऑर्डर जैसे डिप्रेशन, ओसीडी, चिंता, तनाव, इनसोम्निया, नींद की समस्या और उनके उपचार आदि के बारे में बताया जाएगा. इस संबंध में घोषित कार्यक्रम के अनुसार कार्यशाला की मुख्यवक्ता कंसल्टेंट क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट रेनू गहलोत रॉय होंगी. उन्होंने बताया कि भोजन विकार एक रोग है, जिसका उपचार संभव है. अधिकतर यह देखने में आता है कि लोग अचानक से भोजन करना छोड़ देते हैं. कारण कुछ भी हो सकता है, लेकिन यह भोजन विकार की समस्या मानसिक विकार बन जाता है.

## झारखंड में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर परिचर्चा, पूर्व महाधिवक्ता बोले

# अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा भेदभाव

- भारतीय संविधान और कानून में हर व्यक्ति को अपनी बातें रखने का पूरा अधिकार है
- प्रबुद्ध लोगों को आगे आकर मामलों को हल कराने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए

संवाददाता। रांची



झारखंड में अल्पसंख्यकों की स्थिति, भारतीय कानून और सरकारी न्याय पर शनिवार को अंजुमन इस्लामिया रांची सभागार में परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में मुस्लिम सामाजिक पंचायत व संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. अध्यक्षता पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हसीब अख्तर ने की. परिचर्चा का विषय प्रवेश अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कराया. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार शामिल हुए. उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान और कानून में हर व्यक्ति को अपनी बातें रखने और न्यायिक प्रक्रिया में जाने का अधिकार है, लेकिन अक्सर लोग इसका प्रयोग नहीं कर पाते. पूर्व महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ न्यायिक और नीतिगत मामलों में भेदभाव हो रहा है. उनकी उपेक्षा की जा रही है. अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे भेदभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आकर उनके मामलों को हल कराने का प्रयास करना चाहिए. परिचर्चा में झारखंड पार्टी के नेता ऐनुल हक, जमीयतुल मोमिनीन अंसारी चौरासी पंचायत के अध्यक्ष मजहर अंसारी, इदरीसी चौरासी पंचायत के अध्यक्ष इस्लाम इदरीसी, जमीयतुल गद्दी पंचायत के मेराज गद्दी,रातू अंजुमन के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, नयासराय अंजुमन के सिद्दिक अंसारी, समाजसेवी नदीम खान, आदि शामिल थे.

# ड्रीमलैंड स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता रांची



हिन्दपीढ़ी स्थित ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक महोत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माझी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर माही एवं साझा मंच के संयोजक इबरार अहमद शामिल हुए. कार्यक्रम में जूनियर क्लास के बच्चों ने फैंसी ड्रेस, कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने क़व्वाली, कक्षा छठी के बच्चों ने "सत्यमेव जयते" एवं एरोबिक डांस प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. वहीं बीते शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट से नवाज़ा गया, जिसमें जिया सूफी मिस ड्रीमलैंड, अफ्फान मिस्टर ड्रीमलैंड एवं आरजू इबादत को परफेक्शनिस्ट के अवार्ड से सम्मानित किया गया.

मुख्य अतिथि सांसद महुआ माझी ने स्कूल की प्रिंसिपल नाज़िया तबस्सुम की सराहना करते हुए कहा कि हिन्दपीढ़ी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति को प्रज्वलित करना अपने आपमें बड़ी बात है, जिसे ड्रीमलैंड बख़ूबी निभा रहा है. इससे पूर्व माही व समझ के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि विषम परिस्थितियों में तूफान में चिराग जलाने का काम आप लोग बखूबी कर रहे हैं. कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव तारिक हुसैन, शिक्षाविद मौलाना अब्दुर्रउफ कासमी आदि उपस्थित रहे.

## डीएसपीएमयू: एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** उन्नति ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (यूजीसीपीएल) और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया. इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के तौर पर यूजीसीपीएल के संस्थापक डॉ. केपी दत्ता और यूजीसीपीएल के सह संस्थापक अंकित कुमार ने अपना व्याख्यान दिया. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस प्रतिभागियों को रोजगार और प्लेसमेंट के संबंध में एक नई और व्यापक समझ प्राप्त हुई है.

## जोर शोर से चल रही हैं श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की तैयारियां

# गंगाजल से होगा पहाड़ी बाबा का अभिषेक

संवाददाता। रांची



महाशिवरात्रि को लेकर पहाड़ी मंदिर में बाबा के भक्तों के लिए विशेष तैयारी की जा रही है. पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के निर्देशानुसार श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के मुख्य संयोजक जितेंद्र सिंह के द्वारा पटना के पहलेजा गंगा घाट से 11 हजार लीटर पवित्र गंगा जल मंगवाया जा रहा हैं. जिससे महाशिवरात्रि के दिन पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक किया जाएगा. उस दिन मंदिर आने वाले बाबा के भक्तों के लिए भी गंगा जल उपलब्ध कराया जायेगा. महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि सभी सदस्य शिव बारात की तैयारी में जुटे हुए हैं, ताकि इस साल भव्य और विशाल शिव बारात सभी भक्तों को देखने को मिले, जो 8 मार्च को संध्या 4 बजे से पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार से निकल कर गाड़ीखाना चौक, शहीद चौक, फिरायालाल चौक से गांधी चौक, महावीर चौक, रातू रोड चौक होते हुए पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर में सनातनी विधि विधान से शिव-पार्वती का विवाह होगा.

शिव बारात के सभी प्रारूपों एवं कार्यक्रम की रूप रेखा को लेकर रविवार 3 मार्च को पहाड़ी मंदिर प्रांगण में दोपहर 1 बजे से संवाददाता सम्मेलन रखा गया है, जहां समिति के मुख्य संयोजक जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष राजेश साहू, बारात प्रभारी मेहुल प्रसाद, गगन कुमार, प्रवक्ता बादल सिंह, राम सिंह, दीपक नंदा, राजकुमार तलेजा, शुभाशीष चटर्जी,राजीव वर्मा, उर्मिला चौधरी, स्वपना चटर्जी, पुनम जायसवाल, अर्चना मिर्धा, बेबी गाड़ी, मीरा गुप्ता शामिल होंगी.

## सीएमपीडीआई एवं कोशिश के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय) रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत मानसिक रूप से दिव्यांग छात्रों को यातायात के लिए एक हल्के वाहन उपलब्ध कराने के लिए कोशिश एनजीओ रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया. सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा तथा कोशिश एनजीओ की सचिव दीपा चौधरी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया. इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआई द्वारा कोशिश एनजीओ को एक 9 सीटर वाहन प्रदान किया जाएगा. इससे कोशिश के लगभग 40 बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चे परिवहन एवं नियमित आवाजाही का लाभ उठा सकेंगे. सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत 7.38 लाख रुपये की निधि स्वीकृत की है.

# दो दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का समापन



संवाददाता रांची

रांची के आड्रे हाउस में आयोजित दो दिवसीय चुनाव का पर्व कला-महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ. दो दिनों तक मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरूक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समापन समारोह में पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि प्रतिस्पर्द्धा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि हमारे समय में कोई बताने वाला नहीं था कि कैसे वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना है, कैसे वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करना है? लेकिन आप सभी उस समय में जी रहे रहे हैं जब भारत निवार्चन आयोग द्वारा हर व्यक्ति को चुनाव के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि मतदान की प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके. उन्होंने कहा की मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरुक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

**कविता प्रतियोगिता (प्रथम दिन)**
प्रथम - आर्या कुमारी
द्वितीय - ऋतु भारती
तृतीय - गोली कुमारी

**कविता प्रतियोगिता (दूसरा दिन)**
प्रथम - वैशाली कुमारी
द्वितीय - रोहित कुमार, मीनाक्षी कुमारी, अंजलि कुमारी
तृतीय - रचना कुमारी, कंचन कुमारी

**क्विज (प्रथम दिन) :** प्रथम - महिला कॉलेज, रांची
द्वितीय - जेवियर्स कॉलेज, रांची
तृतीय - झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी

**क्विज (दूसरा दिन)**
प्रथम - निर्मला कॉलेज, रांची
द्वितीय - गोस्सनर कॉलेज, रांची
तृतीय-झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी

**एक्सटेम्पोरे (प्रथम दिन)**
प्रथम - यश कुमार
द्वितीय - अनुष्का कुमारी
तृतीय - कशिश कुमार

एक्सटेम्पोरे (द्वितीय दिन)
प्रथम - अदिति गढ़वाल सिंह
द्वितीय - कोमल कुमारी
तृतीय - कुमारी अंजलि

भाषण प्रतियोगिता
प्रथम- पूजा कुमारी
द्वितीय - श्रवण कुमार
तृतीय - आशीष कुमार

गायन प्रतियोगिता
कृति कुमारी

**रंगोली प्रतियोगिता**
प्रथम- झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी (ग्रुप-24)
द्वितीय - केजीबीवी सोनाहातू (ग्रुप-26)
तृतीय - झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी (ग्रुप-27)

## आयोजन : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक मेला प्रारंभ, प्रदर्शनी में मछली से बने कई उत्पाद

# भारतीय जीवन पद्धति और भारतीय मिट्टी में बहुत ताकत : अर्जुन

संवाददाता। रांची



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला 2024 का आयोजन किया गया. इस मेले में 150 स्टॉल लगे हैं, जिसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अलग-अलग फैकेल्टी के स्टॉल लगाया गए हैं. औषधीय पौधा, फिशरीज, कृषि यंत्र, झारसूक सूकर पालन, इमू पालन, गोबर जांच केंद्र समेत कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं. कुछ स्टॉल ऐसे भी लगे हैं, जो पशुओ को क्या खिलाना है और क्या नहीं खिलाना है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं. झारखंड के बाहर के राज्यों से लोगों ने स्टॉल लगाया था. कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी लगाया गया था. मेले के दूसरे दिन रविवार को पशु-पक्षी प्रदर्शी का आयोजन किया जाएगा. इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में दूसरी हरित क्रांति संबंधी वैज्ञानिक प्रयासों में पारिस्थितिकी संतुलन और मिट्टी के टिकाऊ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा. जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक जीवन व्यवस्था से न्यूनतम छेड़छाड़ करते हुए कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास होगा. उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति और भारतीय मिट्टी में बहुत ताकत है. इउद्घाटन समारोह में रांची के सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल, बीएयू के कुलपति प्रो. सुनील चंद्र दुबे, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत सिन्हा शामिल थे.

### मछली का पनीर

फिशरीज डिपार्टमेंट के छात्रों ने मछली के कई प्रोडक्ट बनाएं हैं, जिसमें से सबसे खास है मछली की पनीर. इसे मछली के मांस से बनाया गया है. इसके अलावे मछली का पापड, मछली का समोसा, मछली का टलेट, मछली का मोमो और मछली की चकली बनायी गयी है. जो लोगो को काफी आकर्षित कर रही है.

### इन्हें किया गया सम्मानित

नवोन्मेषी कृषि के लिए पांच प्रगतिशील किसानों को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के हाथों सम्मानित किया गया. सम्मानित किसानों में संगीता देवी बोकारो, शिवनाथ कुशवाहा गढ़वा, मैनेजर हांसदा पाकुड़, मेरिटा हेंब्रम साहिबगंज और रवि कुमार महतो रांची शामिल हैं.

# स्कूलों में प्रारंभ हुआ ग्यारहवीं कक्षा के लिए प्रोविजनल एडमिशन

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के अलग-अलग स्कूलों के ग्यारहवीं कक्षा में प्रोविजनल एडमिशन शुरू हो गई है. दसवीं बोर्ड पास करने वाले छात्र-छात्राएं अपने पिछले स्कूल के अर्धवार्षिक परीक्षा या प्री-बोर्ड में अर्जित किए गए मार्क्स के आधार पर नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं. कई स्कूलों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा भी आयोजित किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से विद्यार्थी स्कूल में अस्थायी दाखिला ले सकते हैं. किसी भी विद्यालय में प्रोविजनल एडमिशन के लिए बोर्ड परीक्षा के निर्धारित अंक हासिल करने ही होंगे. शर्तें पूरी नहीं होने पर छात्रों की अस्थायी नामांकन रद्द कर दिया जाएगा. डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 11वीं के विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है. सीबीएसई बोर्ड से दसवीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 मार्च, जबकि आईसीएसई व अन्य बोर्ड से दसवीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की जाएगी.

सेना में शहीद हुए जवानों के बच्चों के अलावा राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को डीएवी प्रबंधन के नियमानुसार प्रवेश में प्राथमिकता एवं रियायत दी जाएगी.वीएम श्यामली में सीबीएसई बोर्ड से दसवीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 मार्च, जबकि आईसीएसई व अन्य बोर्ड से दसवीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों का प्रवेश परीक्षा 31 मार्च को आयोजित होगी.

### इन स्कूलों में शुरू हुआ प्रोविजनल एडमिशन

जेवीएम श्यामली, डीएवी हेहल, डीएवी नीरजा सहाय, संत जेवियर स्कूल डोरंडा, डीएवी बरियातू, एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी कपिलदेव, गुरु नानक हाई स्कूल, पीपी कंपाउंड जी एण्ड एच हाई स्कूल

